दिन– रविवार दिनांक– 14 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार जोर–शोर से जारी। भाजपा के स्टार प्रचारक और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह आज जमुई और बांका में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी नवादा, जमुई, गया और बांका में चुनावी सभा करेंगे।

02. भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र जारी करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

03. संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर को उनकी एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

————————————————————————————

लोकसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर प्रचार अभियान जोरों पर है। एनडीए और महागठबंधन समेत कई दलों के नेता अपने–अपने प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज जमुई में एनडीए समर्थित लोजपा, रामविलास के उम्मीदवार अरूण भारती और बांका के शम्भूगंज में जदयू के गिरधारी यादव के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। वहीं, राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव नवादा, जमुई, गया और बांका में इंडी गठबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इधर, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ कल नवादा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे।

————————————————————————————

भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र जारी करेगी। दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नडड्ा, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह मौजूद रहेंगे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने चुनावी मेनिफेस्टो के लिए पच्चीस जनवरी को जनता से सुझाव मांगे थे। पार्टी को अब तक पंद्रह लाख से अधिक सुझाव मिले हैं।

————————————————————————————

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच.आर. श्रीनिवास ने राजनीतिक दलों से चुनाव प्रचार में बच्चों को शामिल नहीं करने और प्लास्टिक के झंडे, बैनर का उपयोग नहीं करने की अपील की है। उन्होंने राज्य के मान्यता प्राप्त बारह राजनीतिक दलों के

प्रतिनिधियों के साथ बैठक में निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता का पालन करे और सभा स्थलों तथा अन्य कार्यों के लिए अनुमति अवश्य लें।

---

और अब पेश है– लोकसभा चुनाव की गतिविधियों पर आधारित आकाशवाणी समाचार की विशेष प्रस्तुति। आज के इस अंक में आप सुनेंगे सीवान लोकसभा क्षेत्र में चुनाव को लेकर की जा रही तैयारियों और आदर्श आचार संहिता के अनुपालन पर हमारे संवाददाता की रिपोर्ट....

———बाईट———

सीवान जिले में सीवान और महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र आते हैं। इन दोनों ही लोकसभा क्षेत्रों में छठे चरण के तहत पच्चीस मई को मतदान होगा। चुनाव घोषणा के साथ ही जिला प्रशासन इन दोनों सीटों पर आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में जुट गया है। जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता ने बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने बताया कि चुनाव को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

———बाईट–जिलाधिकारी–1———

जिलाधिकारी ने बताया कि जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप के तहत लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसमें आगंनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और जीविका दीदियों की मदद ली जा रही है।

———बाईट–जिलाधिकारी–2———

पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

———बाईट–मतदाता———

इधर, जिले के दोनों लोकसभा क्षेत्रों सीवान और महाराजगंज में राजनीतिक दलों का चुनाव अभियान भी जोर पकड़ने लगा है। आकाशवाणी समाचार के लिए सीवान से आकाश कुमार।

---

पटना जिले में आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के चौबीस मामले में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी शीर्षत कपिल अशोक ने बताया कि इसमें सबसे अधिक नौ प्राथमिकी बाढ़ अनुमंडल में दर्ज की गयी है।

---

अरवल जिले में लोकसभा चुनाव के तहत चलाये जा रहे अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से पांच हजार एक सौ लीटर शराब के साथ बारह लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

---

राज्य में पहले चरण में होने वाले चुनाव में सबसे अधिक मतदाता नवादा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में है। दूसरे चरण में भागलपुर लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक मतदाता हैं।

---

भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी डॉक्टर बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर की एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर राष्ट्र आज उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। इस अवसर पर

देश और प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मुख्य समारोह संसद भवन परिसर में होगा जहां डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने डॉक्टर बीआर आम्बेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी है। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा है कि बाबा साहेब आम्बेडकर सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे, जिन्होंने एक न्यायविद, शिक्षाविद, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनेता के रूप में देश और समाज के लिए असाधारण योगदान किया। उपराष्ट्रपति डॉक्टर जगदीप धनखड़ ने कहा कि डॉक्टर अम्बेडकर भारत के महान सपूत थे जिन्होंने न सिर्फ भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि वे सामाजिक न्याय के भी प्रबल समर्थक थे। इधर, राजधानी पटना में हाईकोर्ट के पास स्थित डॉक्टर अम्बेडकर की प्रतिमा के पास राजकीय समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जहां राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर समेत कई गणमान्य लोग अपनी श्रद्धाजंलि अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

अब बात महापर्व चैती छठ की...

———बाईट———

लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे। कल उदीयमान सूर्य को अर्घ्य अर्पित करने के साथ चार दिवसीय इस महापर्व का समापन हो जायेगा। इससे पूर्व चार दिवसीय महानुष्ठान के दूसरे दिन कल व्रतियों ने भगवान भास्कर को भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही व्रतियों का छत्तीस घंटे का निर्जला निराहार व्रत शुरू हो गया जो पर्व के समापन तक जारी रहेगा। छठ को लेकर पूरे प्रदेश का माहौल भक्तिमय हो गया है। जगह—जगह मठ—मंदिरों की सजावट की गयी है। इधर, पटना जिले में दानापुर से पटना सिटी तक इकतालीस गंगा घाटों को अर्घ्य अर्पित करने के लिए तैयार किया गया है। महापर्व छठ को लेकर राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। आज दोपहर दो बजे से शाम सात बजे तक अशोक राजपथ पर व्यावसायिक वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि छठ घाटों पर भीड़ समाप्त होने तक पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

चैत्र नवरात्र के छठे दिन आज देवी दुर्गा के कात्यायनी स्वरूप की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि माता के कात्यायनी स्वरूप की आराधना से रोग, शोक और संताप का हरण होता है। इस अवसर पर राजधानी

पटना सहित प्रदेश के विभिन्न मंदिरों और शक्तिपीठों में पूजा–अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

——————————————————————————————

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश की सम्भावना जतायी है। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज मधुबनी, अररिया, सुपौल और सहरसा जिले में कुछ स्थानों पर बारिश की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केन्द्र पटना के वैज्ञानिक शैलेन्द्र कुमार पटेल ने बताया कि अगले तीन दिन के दौरान तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होने की सम्भावना है।

———बाईट———

——————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने ई–कॉमर्स कम्पनियों के ऑनलाईन हेल्थ ड्रिंक बेचने पर रोक लगा दी है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के अनुसार जांच के बाद इस पर प्रतिबंध लगाया गया है। मंत्रालय ने कहा है कि नियमों के तहत कोई हेल्थ ड्रिंक परिभाषित नहीं है।

——————————————————————————————

केन्द्रीय बिजली इकाईयों से इस वर्ष राज्य को एक सौ सतहत्तर मेगावाट अधिक बिजली मिलेगी। बिजली कम्पनी के अनुसार केन्द्रीय इकाईयों से अतिरिक्त बिजली की खरीद गर्मी के मौसम में बढ़ी हुई मांग को पूरा करने के लिए की जा रही है।

——————————————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से पुलिस ने साईबर अपराध गिरोह के पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। आरक्षी अधीक्षक कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरोह के इकतीस बैंक खातों को जब्त करने की कार्रवाई की जा रही है।

——————————————————————————————

अररिया जिले के भरगामा थाना क्षेत्र अंतर्गत जयनगर गांव के पोखर में डूबने से दो सगी बहनों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि खेलने के दौरान पैर फिसल जाने से यह घटना हुई है।

——————————————————————————————

शेखपुरा जिले के महुली थाना क्षेत्र अंतर्गत अफरडीह–दाऊदपुर इटावा सड़क मार्ग पर उत्पाद विभाग की टीम ने अस्सी लीटर शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, अररिया जिले की बसमतिया सीमा क्षेत्र से एसएसबी और स्थानीय पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में मादक पदार्थ ब्राउन शुगर, निन्यानवे पीस

प्रतिबंधित इंजेक्शन, एक मोटरसाईकिल और दो मोबाइल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

मुंगेर जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत श्रीमतपुर पंचायत के मुबारकचक गांव में एक पिता ने अपने चौदह वर्षीय बेटी के सर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी।

———————————————————————————

बेगूसराय जिले में पुलिस ने बीते चौबीस घंटे के दौरान भारी मात्रा में शराब के साथ सैंतीस लोगों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

एसटीएफ ने बेगूसराय, मधुबनी और गोपालगंज जिले से पचास हजार रूपये के दो ईनामी समेत छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————————

सारण जिले के इसुआपुर थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिस कर्मियों को आरक्षी अधीक्षक ने कार्य में लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है।

———————————————————————————

मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के मुरौल गांव में अपराधियों ने एक दुकान के कर्मचारी को गोली मारकर पन्द्रह लाख रूपये लूट लिये।

———————————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राजद के चुनावी घोषणा पत्र को अपनी प्रमुख सुर्खी बनाया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– एक करोड़ नौकरी, दो सौ यूनिट बिजली मुफ्त। बिहार में पांच एयरपोर्ट बनायेंगे।

दैनिक जागरण ने जदयू के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनावी सभा में दिये गये बयान को प्रमुखता दी है। अखबार लिखता है– पन्द्रह साल तक पति–पत्नी की सरकार ने कोई काम नहीं किया।

राज्य में चार आईएएस अधिकारियों के तबादले पर दैनिक भास्कर ने लिखा है– चार आईएएस बदले, डॉक्टर आसिमा जैन नगर विकास की सचिव बनीं।

प्रभात खबर ईरान और इज़राइल के बीच बढ़ते तनाव पर शीर्षक दिया है– ईरान ने कब्जे में लिया भारत आ रहा इज़राइली जहाज। सत्रह भारतीय सवार।

———————————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर...........

01. लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार जोर–शोर से जारी। भाजपा के स्टार प्रचारक और केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह आज जमुई और बांका में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव भी नवादा, जमुई, गया और बांका में चुनावी सभा करेंगे।

02. भाजपा लोकसभा चुनाव के लिए आज संकल्प पत्र जारी करेगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

03. संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर को उनकी एक सौ चौंतीसवीं जयंती पर श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है।

04. और, लोक आस्था के चार दिवसीय महापर्व चैती छठ के तीसरे दिन आज व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य अर्पित करेंगे।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।